# प्रभु हम भी शरणागत है स्वीकार करो तो जाने लिरिक्स

प्रभु हम भी शरणागत है,
स्वीकार करो तो जाने,
अब हमें पतित से पावन,
सरकार करो तो जाने।bd।

देखे – दशा मुझ दीन की भगवन।

---

ज्ञानी तुम में तन्मय है,
ध्यानी भी तुम में लय है,
हम अज्ञानी चंचल चित,
निस्तार करो तो जाने,
प्रभु हम भी शरणागत हैं,
स्वीकार करो तो जाने।bd।

---

प्रेमी जन तुमको पाते,
तुम भक्ति भाव से आते,
हम कुटिल ह्रदय से कलुषित,
उपचार करो तो जाने,
प्रभु हम भी शरणागत हैं,
स्वीकार करो तो जाने।bd।

---

मुख से क्या तुम्हे सुनाए,
हम कैसे तुमको पाएं,
अगणित अपराध किये है,
उद्धार करो तो जाने,
प्रभु हम भी शरणागत हैं,
स्वीकार करो तो जाने।bd।

---

जीवन नैया जर्जर है,
पल पल विनाश का डर है,
ऐसे भी एक पतित को,
अब पार करो तो जाने,
प्रभु हम भी शरणागत हैं,
स्वीकार करो तो जानें।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

प्रभु हम भी शरणागत है,
स्वीकार करो तो जाने,
अब हमें पतित से पावन,
सरकार करो तो जाने।bd।

गायक – कन्हैया जी।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com